

# हाथी की बच्ची

पेट्रीशिया के. मिलर और ईरान एल. सेलिगमैन

चित्र: मामोरू फुनाई







# हाथी की बच्ची

पेट्रीशिया के. मिलर और ईरान एल. सेलिगमैन

चित्र: मामोरू फुनाई





यह एलेन है.


वो एक हाथी की बच्ची है.

वो लंबे समय तक शिशु ही रहेगी.

वो तीन फुट लंबी है.

उसका वज़न 200 पाउंड है.





एलेन और उसकी माँ एक झुंड के साथ रहती हैं.
सबसे ताकतवर हाथी झुंड का नेता होता है.

एलेन की आँखें छोटी हैं.

लेकिन वह ठीक से देख नहीं सकती.





उसके कान बड़े हैं.

लेकिन वह ठीक से सुन नहीं सकती.

एलेन की नाक लंबी है.

उसे सूंड कहते हैं.


वह अपनी सूंड का इस्तेमाल कई तरह से करती है.

जब एलेन अपनी सूंड हवा में उठाती है,

तो वह दूर की चीज़ों को सूंघ सकती है.







वह सूंड से खाना उठाती है.

वह पेड़ों को उखाड़ती है.

वह पत्ते गिराती है.

यह सब वह अपनी सूंड से करती है.



उसके पैर बड़े हैं.

लेकिन वह दौड़ नहीं सकती. वह कूद नहीं सकती.

लेकिन वह बहुत तेज़ चल सकती है.



वह अपनी सूंड में पानी भरती है.

वह थोड़ा पानी पीती है.



फिर थोड़े पानी से नहाती है.



एलेन को खेलना पसंद है.

वह एक पहाड़ी से नीचे फिसलती है.

वह पानी में खेलती है.

वह अपनी माँ से छिपती है.









एक दिन एलेन अपनी माँ से छिप रही थी.


जब वह एक गहरे गड्ढे में गिर गई.

उसने अपनी सूंड उठाई

और वो ज़ोर से चिल्लाई.



तुरंत माँ गड्ढे के पास आई.
जब उसने एलेन को देखा,
तो उसने अपनी सूंड उठाई
और उसने ज़ोर से आवाज़ की.
उसससे दूसरे हाथी भी आ गए.



हाथियों ने अपने पिछले पैरों से,
गड्ढे में रेत फेंकी.

आखिरकार गड्ढा थोड़ा भर गया.
फिर एलेन गड्ढे से बाहर निकल आई.



अब एलेन बाकी हाथियों के
पास ही रहती है.
वह अभी भी खेलती है,
लेकिन... वह अपनी माँ से छिपती नहीं है.



